अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**16 FEB., 2024**

**USEFUL FOR**



# IAS | PCS

**& other civil services exams**


**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या विकास के लिए केंद्रीकृत जीआईएस डेटा सेंटर की शुरूआत की**



- उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने 141 परियोजनाओं को सुव्यवस्थित करते हुए एडीए के माध्यम से अयोध्या में एक केंद्रीकृत जीआईएस डेटा सेंटर की शुरूआत की।
- योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या विकास प्राधिकरण के तहत अयोध्या विकास प्राधिकरण के

2. **प्रदीप कुमार श्रीवास्तव झारखंड हाईकोर्ट में मुख्यन्यायाधीश बने**




- झारखंड हाई कोर्ट के एडिशनल जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर ने स्थाई जज के रूप में शपथ दिलाई।
- राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति प्रदीक कुमार श्रीवास्तव, जो पहले झारखंड उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे, को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

3. **नई शिक्षा नीति लागू करने वाला कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय अब A++विश्वविद्यालय बन गया**



- हाल ही में नई शिक्षा नीति लागू करने वाला कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय अब A++विश्वविद्यालय बन गया है।
- सर्वप्रथम यूजी प्रोग्राम में पूरे प्रावधानों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया गया है और पीजी स्तर पर एनईपी को सत्र 2024-2025 से लागू किया गया।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के मद्देनजर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 19 आनलाइन प्रोग्राम्स शुरू किए गए हैं।

4. **सुभद्रा कुमारी चौहान की 76 वीं पुण्यतिथि मनाई**




- सुभद्रा कुमारी देश की पहला महिला सत्याग्रही थीं। उन्होंने शादी के बाद अपना आधे से ज्यादा जीवन सत्याग्रह और आजादी आंदोलन में शामिल होकर बिताया।
- आधुनिक हिंदी की मीरा कही जाने वाली महादेवी वर्मा ने कहा था जिसने लिखा हो, 'मैंने हंसना सीखा है, मैं नहीं जानती रोना' ये कहने वाले की हंसी निश्चित तौर पर असाधारण होगी।
- महात्मा गांधी के साथ सत्याग्रह आंदोलन में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय महिला थीं।
- महात्मा गांधी के साथ देश प्रेम की भावना के साथ उन्होंने साज श्रृंगार भी छोड़ दिया और खद्दर की साड़ी पहनना शुरू कर दिया था।

5. **सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर तत्काल रोक लगाई**




- सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार, 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है और यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है।

- CJI डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने तीन दिन की सुनवाई के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।
- इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने की।
- इसे लेकर चार याचिकाएं दाखिल की गई थीं।
- याचिकाकर्ताओं में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR), कांग्रेस नेता जया ठाकुर और CPM शामिल है।
- केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे।
- सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी की थी।
- इस योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई थी, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई।
- 2017 के बजट में उस वक्त के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने चुनावी या इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को पेश किया था।
- 29 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार ने इसे नोटिफाई किया।
- ये एक तरह का प्रोमिसरी नोट होता है, जिसे बैंक नोट भी कहते हैं।
- बैंक को KYC डीटेल देकर 1 हजार से 1 करोड़ रुपए तक के बॉन्ड खरीदे जा सकते हैं।
- इसे कोई भी भारतीय नागरिक या कंपनी खरीद सकती है।

**6. नंद किशोर यादव को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुना**



- 12 फरवरी को अवध बिहारी चौधरी के विरुद्ध पेश अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हुआ था। प्रस्ताव के पक्ष में 125 और विपक्ष में 112 वोट पड़े थे।
- चौधरी के विधानसभा अध्यक्ष से हटने के कारण इस पद की रिक्ति हुई थी।
- 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद तीसरी बार अध्यक्ष का निर्वाचन हो रहा है।
- इसके साथ ही बिहार विधानसभा के किसी एक कार्यकाल में सबसे अधिक अध्यक्ष बनने का रिकार्ड भी 17वीं विधानसभा के नाम दर्ज हो जाएगा।
- नंद किशोर यादव ने अपनी राजनीतिक यात्रा 1978 में शुरू की।
- वह 1982 में पटना नगर निगम के पार्षद और बाद में पटना के डिप्टी मेयर बने।
- वह पहली बार 1995 में विधायक चुने गए।
- नीतीश कुमार की सरकार में वह पहले भी कई बार मंत्री रह चुके हैं।

**7. बोइंग डिफेंस इंडिया के MD बने निखिल जोशी**




- अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग ने गुरुवार को निखिल जोशी को बोइंग डिफेंस इंडिया का मैनेजिंग डायरेक्टर बनाया है। कंपनी ने कहा कि इसका मकसद ऑपरेशन को मजबूत करना है।
- जापान की अर्थव्यवस्था लगातार दो तिमाहियों में सिकुड़ने के बाद मंदी की चपेट में आ गई है। इस कारण उसकी इकोनॉमी दुनिया में तीसरे नंबर से चौथे नंबर पर पहुंच गई है। जर्मनी अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी है।
- 8 साल से भारत में काम कर रहा बोइंग
- बोइंग करीब 8 साल से भारत में काम कर रहा है। वर्तमान में, भारत बोइंग प्लेटफॉर्म पर 11 C-17, 22 AH-64 अपाचे, 15 CH-47 चिनूक, 12 P-8Is, 3 VVIP एयरक्राफ्ट और दो हेड ऑफ स्टेट एयरक्राफ्ट ऑपरेट करता है।

**8. NITI आयोग ने कृषि वानिकी के साथ बंजर भूमि को हरा-भरा बनाना और उसका जीर्णोद्धार करना (GROW) रिपोर्ट और पोर्टल का अनावरण किया**



- NITI आयोग ने कृषि वानिकी के साथ बंजर भूमि को हरा-भरा बनाना और उसका जीर्णोद्धार करना (GROW) रिपोर्ट और पोर्टल का अनावरण किया है
- इस पहल के द्वारा 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को बहाल किया जाएगा
- NITI आयोग ने कृषि वानिकी के साथ बंजर भूमि को हरा-भरा बनाना और उसका जीर्णोद्धार करना (GROW) रिपोर्ट और पोर्टल का अनावरण किया है
- इस पहल के द्वारा 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को बहाल किया जाएगा
- यह पहल पूरे भारत में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है
- **NITI आयोग -**
- मुख्यालय- नई दिल्ली
- अध्यक्ष- नरेंद्र मोदी
- उपाध्यक्ष- सुमन बेरी
- सीईओ - बीवीआर सुब्रमण्यम

**9. दुबई ने दुनिया की पहली एयर टैक्सी सेवा शुरू करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए**




- वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2024 में दुबई ने दुनिया की पहली एयर टैक्सी सेवा शुरू करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए है
- यह चार बैटरी पैक द्वारा संचालित है
- इसकी अधिकतम सीमा 161 किमी है
- अधिकतम गति 321 किमी/घंटा है
- यह हेलीकॉप्टर की तुलना में ध्वनि प्रदूषण को कम करेगा
- एयर-टैक्सी नेटवर्क 2026 में अपना परिचालन शुरू करेगा

**10. कर्नाटक ने आंध्रप्रदेश को हराकर नागेश ट्रॉफी जीती**




- हाल ही में कर्नाटक ने नागेश ट्रॉफी जीती, जो पुरूषों के राष्ट्रीय दृष्टिबोधित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-2024 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं।
- नागपुर में आयोजित रोमांचक फाइनल में कर्नाटक ने आंध्रप्रदेश को नौ विकेट से हराया ओर राष्ट्रीय खिताब के लिए 20 वर्ष की प्रतीक्षा को खत्म किया।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **हाल ही में अयोध्या विकास के लिए केंद्रीकृत जीआईएस डेटा सेंटर की शुरूआत किसने की ?**
(a) पीयूष गोयल
(b) योगी आदित्यनाथ
(c) अमित शाह
(d) नरेंद्र मोदी

2. **हाल ही में कौन झारखंड हाईकोर्ट में मुख्यन्यायाधीश बने हैं?**
(a) मयंक अग्रवाल
(b) प्रदीप श्रीवास्तव
(c) प्रभाकर गुप्ता
(d) इनमें से कोई नहीं

3. **हाल ही में किस विश्वविद्यालय को NAAC का A++ ग्रेड मिला है ?**
(a) कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय
(b) इलाहबाद विश्वविद्यालय
(c) आगरा विश्वविद्यालय
(d) इनमें से कोई नहीं

4. **सुभद्रा कुमारी चौहान की कौनसी पुण्यतिथि मनाई गई है?**
(a) 75th
(b) 76th
(c) 77th
(d) 78th

5. **सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कौनसे बॉन्ड पर तत्काल रोक लगाई है।**
(a) इलेक्टोरल बॉन्ड
(b) ट्रेजरी बॉन्ड
(c) कॉर्पोरेट बॉन्ड
(d) हाई-यील्ड बॉन्ड

6. **बिहार विधानसभा का अध्यक्ष किसे चुना गया है?**
(a) नंद किशोर यादव
(b) जीतन राम मांझी
(c) तेजस्वी यादव
(d) गिरिराज सिंह

7. **निम्न में से किसे बोइंग डिफेंस इंडिया का एमडी बनाया गया है।**
(a) अलख पांडे
(b) संजय कुमार जैन
(c) आलोक सिन्हा
(d) निखिल जोशी

8. **GROW रिपोर्ट और पोर्टल का अनावरण किसने किया है?**
(a) नीति आयोग
(b) विधि आयोग
(c) OBC आयोग
(d) SC आयोग

9. **दुनिया की पहली एयर टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी?**
(a) न्यूयॉर्क
(b) वाशिंगटन
(c) लंदन
(d) दुबई

10. **हाल ही में किस राज्य ने आंध्रप्रदेश को हराकर नागेश ट्रॉफी जीती है ?**
(a) कर्नाटक
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश
(d) मध्यप्रदेश

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (b) | (a) | (b) | (a) | (a) | (d) | (a) | (d) | (a) |